AH – 1057-S.E.- CV-19
B.A. (Part –II)
Term End Examination 2019-20
Hindi Literature
Paper – I

Time : Three Hours] [Maximum Marks : 75

नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

Note : Answer all questions. All questions carry equal marks.

इकाई – I

1. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – **7x3 = 21**

(क) "पाया हमीं से था कमी जो बीज वर विज्ञान का, उसको दिया है दूसरों ने रूप रम्योधान का।
हम किन्तु खो बैठे उसे भी जो हमारे पास था, हाँ, दूसरों की वृद्धि में ही क्या हमारा ह्रस था।"

(ख) "तुम मध्य भाग के महाभाग। तरू के उर के गौरव प्रशस्त, मैं पढ़ा जा चुका पत्र, न्यस्त।
तुम अलि के नव रस – रंगराग। "

(ग) "अचिरता देख जगत की आप, शून्य भरता समीर निःश्वास, डालता पातों पर चुपचाप, ओस के आँसू नीलाकाश;
सिसक उठता समुद्र का मन, सिहर उठते उडुगन! "

(घ) "मानव! ऐसी भी क्या विरक्ति जीवन के प्रति ? आत्मा का अपमान, प्रेत औ छाया से रति। प्रेम अर्चना यहीं, करें हम मरण को वरण? युग–युग के मृत आदर्शों के ताज मनोहर ?

(ङ.) "भुला दी सूलियाँ? जैसे सभी कुछ, जमाने को तालियों से पा लिया तुमने, न तुम बहले, न युग बहला, भले साथी, बताओं तो किसे बहला लिया तुमने!"

इकाई – II

2. मैथिलीशरण गुप्त के काव्य सौन्दर्य पर प्रकाश डालिए। **12**

अथवा

"निराला निरन्तर एक संघर्षशील योद्धा की तरह हिन्दी मानस पटल पर छाए रहे।" उक्त कथन की विवेचना कीजिए।

इकाई – III

3. "पंत प्रकृति के कुशल चितेरे हैं? इस कथन को स्पष्ट कीजिए। **12**

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी की काव्यगत विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

काव्य–कला की दृष्टि से अज्ञेय जी के काव्य की समीक्षा कीजिए।

इकाई – IV

4. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए – **5x3 = 21**

(क) हरिऔध की भाषाशैली. (ख) सुभद्रा कुमारी चौहान की देश भक्ति. (ग) श्रीकांत वर्मा की साहित्य साधना.
(घ) पंत के काव्य में प्रगतिशील चेतना. (ङ.) नयी कविता. (ग) छायावाद की प्रमुख प्रवृत्तियों.

इकाई – V

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पन्द्रह वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए – **1x15 = 21**

(क) 'निराला' का जन्म कब हुआ था? (ख) 'परिवर्तन' कविता के रचयिता कौन हैं? (ग) प्रथम तार–सप्तक का प्रकाशन कब हुआ था। (घ) 'निराला' किस काव्यधारा के कवि हैं? (ङ.) 'मुकुल' किसकी काव्य रचना है? (च) प्रयोगवाद का जनक किसे कहा जाता है? (छ) 'वीणा' किसकी रचना है? (ज) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ था है? (झ) 'प्रिय प्रवास' के रचयिता का नाम लिखिए। (ञ) 'वह तोड़ती पत्थर' के कवि का नाम लिखिए। (ट) पंत जी का पूरा नाम लिखिए। (ठ) 'परिमल' के रचनाकार कौन हैं? (ड़) पंतजी किस युग के कवि हैं? (ढ़) खड़ी बोली का प्रथम महाकाव्य किसे कहते हैं? (ण) आधुनिक काल के जन्मदाता कौन थे? (त) नयी कविता का जन्म कब से माना गया है? (थ) 'हरिऔध' जी का पूरा नाम लिखिए। (द) 'जूही की कली' किसकी रचना है? (ध) मैथिलीशरण गुप्त की दो रचनाएँ लिखिए। (न) सुभद्रा कुमारी चौहान की दो रचनाएँ लिखिए।

-----000-----